**<u>मूल हिन्दी</u>**

**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 2711**
**17 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए**

**स्मार्ट सिटी में कैमरे लगाना**

**2711. श्री हाजी फजलुर रहमान:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश की स्मार्ट सिटीज में सुरक्षा के उद्देश्य से कैमरे लगाए जाने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश की स्मार्ट सिटीज में कैमरे लगाने के लिए निधि जारी की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सहारनपुर के स्मार्ट सिटी में कैमरे लगाए गए हैं; और

(च) यदि हां, तो उन चौराहों का ब्यौरा क्या है जहां कैमरे लगाए गए हैं और उक्त कैमरों को कितनी दूरी पर लगाया गया है?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री</u>**
**<u>(श्री कौशल किशोर)</u>**

(क) और (ख): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन आरंभ किया। 100 स्मार्ट सिटीज का चयन जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतिस्पर्धा के 4 चरणों के माध्यम से किया गया है।

देश के 76 स्मार्ट सिटीज में एकीकृत कमांड तथा नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) को प्रचालनरत किया गया है। ये आईसीसीसी यातायात प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन, अपराधों का पता लगाने, आपदा प्रबंधन इत्यादि जैसे क्षेत्रों में बेहतर निगरानी और कार्य सक्षमता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण

भूमिका निभा रहे हैं। कार्यनीतिक स्थलों पर निगरानी कैमरों का लगाया जाना आईसीसीसी परियोजनाओं के प्रमुख घटकों में से एक है।

(ग) और (घ): दिनांक 4 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट सिटीज के लिए 2744 करोड़ रुपए जारी किए हैं, जो अन्य बातों के साथ-साथ स्मार्ट रोड, स्मार्ट जल, शानदार सार्वजनिक स्थलों और आईसीसीसी को संचालित करने जिसमें निगरानी कैमरों को लगाया जाना भी शामिल है, से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रहे हैं।

(ड.) और (च ): सहारनपुर स्मार्ट सिटी ने यह सूचित किया है कि सहारनपुर में औसतन प्रत्येक 100 मीटर की दूरी पर 298 स्थानों पर कुल 920 निगरानी कैमरे लगाए गए हैं/लगाये जा रहे हैं।

*****